हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

### शादी ब्याह और गर्मी की छुट्टियों के बीच यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# अप्रैल से मई तक दर्जनों ट्रेनें प्रभावित यात्रियों को नहीं मिल रहा कन्फर्म टिकट

## छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, गोंडवाना सहित समता जैसी ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शादी-ब्याह के सीजन और गर्मी की छुट्टियों के बीच रेलयात्रियों की परेशानियां बढ़ने वाली है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और ईस्ट-कोस्ट रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर किए जा रहे बुनियादी ढांचे के विकास और यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण कार्यों के कारण अप्रैल से मई के बीच कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इन कार्यों के चलते कई ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द या परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी।

इस अवधि में ट्रेनों की संख्या कम होने के कारण यात्रियों को भीड़ और कंफर्म टिकट पाने कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, जिस रूट की ट्रेन अप्रैल व मई में रद्द है, उस रूट की वैकल्पिक ट्रेनों में वेटिंग शुरू हो चुकी है। ऐसे में अब लोग फ्लाइट व बस में सफर की योजना बना रहे हैं। शादियों के सीजन में दिल्ली, मुंबई समेत प्रदेश के शहरों के लिए चलने वाली ट्रेनें प्रभावित रहेगी।

**पुरी स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन**

पुरी स्टेशन के आधुनिकीकरण और प्लेटफार्म उन्नयन कार्य के चलते मार्च से मई तक कई लंबी दूरी की ट्रेनें पुरी तक नहीं जाएगी। इन ट्रेनों को पहले के स्टेशनों से संचालित किया जाएगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस, गांधीधाम और वलसाड से आने-जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें अब पुरी के बजाय साक्षी गोपाल स्टेशन से संचालित होगी। वहीं इंदौर-पुरी और पुरी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस ट्रेनें बीर पुरुषोत्तमपुर स्टेशन से ही प्रारंभ और समाप्त होगी। इधर गर्मी की छुट्टी में घुमने जाने का प्लान बना रहे लोगों काफी परेशान हो रहे है।




### चार अप्रैल से दिल्ली और मुंबई का सफर मुश्किल

अप्रैल में दिल्ली और मुंबई जाने वाले यात्रियों की तकलीफ बढ़ने वाली है। 4 से 24 अप्रैल के बीच शालीमार, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, गोंडवाना, लोकमान्य तिलक टर्मिनल, समता एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें रद्द रहेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर-5 (प्लेटफॉर्म-3) पर स्थित वॉशेबल एप्रन को डिस्मेंटलिंग कर उसे बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने के लिए कार्य किया जाएगा। इस वजह से ट्रेन प्रभावित रहेगी।

### कुछ ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

गोंदिया में चल रहे कार्य के कारण कुछ ट्रेनों के मार्ग में भी परिवर्तन किया गया है। रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस मई में निर्धारित तिथियों पर गोंदिया के बजाय जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट मार्ग से संचालित होगी। इसके अलावा बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 2 मई से 23 मई तक दुर्ग और गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। वहीं मुंबई-गोंदिया एक्सप्रेस अंजनी और गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। जबलपुर-गोंदिया पैसेंजर तथा तिरोड़ी और कटंगी की मेमू व डेमू सेवाएं गोंदिया और बिरसोला के बीच रद्द रहेगी और इन ट्रेनों का संचालन बिरसोला तक ही सीमित रहेगा।

### गोंदिया में वॉशेबल एप्रन निर्माण

नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत गोंदिया स्टेशन की लाइन संख्या-6 (प्लेटफार्म नंबर-4) र वॉशेबल एप्रन निर्माण का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 3 मई से 24 मई तक चलेगा। जिसके कारण इस अवधि में कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 24 मई तक रद्द रहेगी। जबकि रायपुर-इतवारी पैसेंजर 23 मई तक रद्द रहेगी। इसके अलावा गोंदिया-डोंगरगढ़, गोंदिया-इतवारी और इतवारी-बालाघाट ट्रेन का संचालन भी पूरी तरह बंद रहेगा। इधर जिन यात्रियों ने पहले से ही आरक्षण करा लिया था वे अब हलाकान हो रहे है।

### अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी कार्य

बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के अकलतरा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग और चौथी लाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 30 मार्च से 11 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, रायपुर-गेवरारोड मेमू और रायपुर-कोरबा पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर ट्रेन बिलासपुर तक ही संचालित होगी।

## खबर संक्षेप

### हुल्लड़ करने पर पांच के खिलाफ कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** मंदिर आने वाले यात्रियों से वाद-विवाद एवं हो-हल्ला कर शांतिभंग करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक 24 मार्च को ग्राम कुरभाट मेन रोड डोंगरगढ़ एवं होटल शुभारंभ लॉज डोंगरगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर आरोपी संदीप, एकलव्य, सुनील, आकाश एवं श्रवण द्वारा डोंगरगढ़ आने वाले यात्रियों के साथ वाद-विवाद, हल्ला-गुल्ला एवं मारपीट करने की स्थिति उत्पन्न करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां आरोपी शांतिभंग करते पाए गए। समझाने पर भी नहीं मानने के कारण शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पांचों आरोपियों संदीप कुमार वर्मा 20 वर्ष पारागांव, एकलव्य हठीले 19 वर्ष डुंडेरा, सुनील साहू 21 वर्ष डुंडेरा, आकाश कुमार कोषे 23 वर्ष दतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ एवं श्रवण कुमार कंवर 22 वर्ष मरकाकसा के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय डोंगरगढ़ में प्रस्तुत किया गया।

### सटोरिया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने के आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से मोबाइल फोन, सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम सोनेसरार में आरोपी का किराना दुकान के पास पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर अरूण कुमार साहू 40 वर्ष निवासी ग्राम सोनेसरार को पकड़ा। जिसके कब्जे से सट्टा-पट्टी और 1 नग मोबाइल फोन, 1 नग पेन एवं नगदी 1895 रुपए कुल कीमती 6895 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध छग जुआ प्रतिषेश अधिनियम की धारा 6 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

# पहले मतदाता ढूंढने अब मानदेय के लिए भटक रहे बीएलओ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युद्ध स्तर पर एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने वाले बीएलओ को अब अपने मानदेय की राशि के लिए भटकना पड़ रहा है। कार्य के बाद भी राशि नहीं मिलने को लेकर उनमें आक्रोश दिखाई दे रहा है। बकाया राशि देने की मांग को लेकर बूथ लेवल अधिकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अग्रणी भूमिका निभाकर मतदाताओं का नाम जोड़ने-काटने और घर-घर जाने की प्रक्रिया करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों ने एसआईआर के लिए कड़ी मेहनत की। मतदाताओं को ढूंढने के साथ रात-दिन एक कर सभी फॉर्म ऑनलाइन किए, लेकिन अब उनके द्वारा किए गए कार्य की राशि नहीं मिलने से उन्हें भटकना पड़ रहा है ।

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे बूथ लेवल अधिकारियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि शासन के आदेशानुसार पूर्व में बीएलओ को 6 हजार मानदेय एवं 1 हजार रुपए नेट चार्ज दिया जाता था।

यह मानदेय संशोधित होकर 2025-26 में 12 हजार मानदेय एवं 2 हजार नेट चार्ज किया गया है। वहीं इसके अतिरिक्त एसआईआर का 6 हजार दिया जाना है, लेकिन हम बीएलओ को सिर्फ 12 हजार ही दिया गया है।

### एसआईसार कार्य का नहीं हुआ भुगतान

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची बीएलओ राजेश्वरी साहू सहित अन्य ने कहा कि उन्हें सिर्फ 12000 ही मिला है। जबकि 20 हजार रुपए मिलना था। जिसमें 2 हजार रुपए नेट का और 6 हजार रुपए एसआईआर का अब तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि इस मामले में तहसील से लेकर कलेक्टोरेट तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कहीं भी संतोषप्रद जवाब नहीं मिला है। कलेक्टर कार्यालय पहुंचे बूथ लेवल अधिकारियों ने जल्द से जल्द बकाया राशि दिलाने की मांग की है।

# महापौर अप्रैल में पेश करेंगे बजट

## जोरों पर निगम में तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम में बजट को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिध भी तैयारियों में जुटे हुए हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि मेयर मधुसूदन यादव द्वारा अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में बजट प्रस्तुत किया जा सकता है। जिसमें विकास कार्यों के साथ ही पूर्व के छूटे कार्यों में भी फोकस किया जा सकता है।

नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी इन दिनों वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसके चलते उनके बीच व्यस्तता का आलम बना हुआ है। इस बजट को लेकर नगर निगम की राजनीति में रूचि रखने वालों एवं शहर के लोगों की भी पैनी नजर बनी हुई है। वहीं बजट को लेकर उत्सुकता की स्थिति भी निर्मित है।

### एमआईसी की बैठक में विचार-विमर्श

बताया गया कि पूर्व में मेयर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई थी। इस बैठक में आय-व्यय अनुमान पत्रक 2026-27 पर विचार-विमर्श उपरांत स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किया गया। प्रस्तुत किए जाने वाले बजट को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। बजट अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में संभावित है।

### विकास कार्यों पर फोकस

निगम सूत्रों की यदि माने तो मेयर मधुसूदन यादव अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह 6 या 7 अप्रैल को अपने इस कार्यकाल का दूसरा बजट प्रस्तुत कर सकते हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस बजट में पिछले वर्ष के छूटे कार्यों पर अधिक फोकस किया जा सकता है। जिसमें पुत्रीशाला, पुराना बस स्टैंड, थोक मार्केट सहित अन्य विषयों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा सकता है। इसके अलावा पेयजल व्यवस्था सुदृढ करने के साथ-साथ नगर निगम की आय बढ़ाने की दृष्टि से कई विषयों को समाहित किया जा सकता है। मूलभूत सुविधाओं के अलावा शहर के सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों पर भी फोकस किए जाने की संभावनाए जताई जा रही है।

### माय एंगल




### ढोल और नगाड़ों की गूंज के बीच निकली यात्रा

# आदिवासी समाज ने पंचमी पर भेंट यात्रा निकाल की मां बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में नवरात्र पर्व के पंचमी अवसर पर आदिवासी गोड समाज ने पुरानी परंपरा पंचमी भेंट यात्रा श्रद्धा भक्ति के साथ निकाली। बाजे-गाजे के साथ निकली यह यात्रा मां बम्लेश्वरी नीचे मंदिर पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में आदिवासी गोड समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

नवरात्र पर्व पर अंचल के मां बम्लेश्वरी देवी डोंगरगढ़ में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बन रही है। पंचमी तिथि को रात से ही मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन हेतु पहुंचने लगे थे। छोटी मां बम्लेश्वरी मंदिर में इस अवसर पर लगभग 601 किलो फलों से साज-सजावट की गई थी। पंचमी के अवसर पर डोंगरगढ़ में श्रद्धा भक्ति, आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आदिवासी गोड़ समाज द्वारा पंचमी पर्व के अवसर पर भेंट यात्रा निकाली गई। जिसमें राजपरिवार से जुड़े राजा का तलवार लेकर भी शामिल हुए।



### माता के लगे जयकारे

पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था हेतु प्रशासन एवं पुलिस अलर्ट रहा। प्रशासनिक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा पुलिस जवानों की भी उपस्थिति रही। पूरे भेंट यात्रा के दौरान माता के जयकारे और श्रद्धा-भक्ति का वातावरण निर्मित रहा। शांतिपूर्ण ढंग से पूरे कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

### पारंपरिक वेशभूषा के साथ यात्रा

गोड़ आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग पारंपरिक वेशभूषा, बाजे-गाजे, ढोल-नगाडे के साथ बूढादेव स्थान से भेंट यात्रा निकालते हुए मंदिर पहुंचे, जहां समाज के प्रतिनिधि और बैगा ने गर्भगृह में जाकर पूरे विधि-विधान के साथ देवी मां की पूजा-अर्चना की एवं माता को भेंट अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप



### कथा श्रवण से आता है जीवन में बदलावः संजय

**छुरिया।** ग्राम केशोटोला में ग्रामवासियों के सहयोग से नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया है। राजेन्द्र प्रसाद दुबे कथावाचन कर रहे है। गत दिनों ग्रामीणों के निवेदन पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, भानबाई मंडावी, टीकम साहू ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि देवी भागवत कथा सनातन धर्म का महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जिसमें माँ दुर्गा की महिमा, विभिन्न स्वरूपों और उनकी कृपा का वर्णन किया गया है। यह कथा बताती है कि इस सृष्टि की रचना, पालन और संहार करने वाली शक्ति कोई और नहीं, बल्कि स्वयं माँ जगदम्बा है। इस अवसर पर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### निर्माणाधीन हाट बाजार का निरीक्षण



**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने निर्माणाधीन हाट बाजार का स्थल निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाट बाजार निर्माण कार्य को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि व्यवसायियों को शीघ्र ही बेहतर सुविधा मिल सके। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड संभागीय कार्यालय दुर्ग के कार्यपालन अभियंता परमेश्वर प्रसाद जायसवाल, उप अभियंता परिवेश ठाकुर, सहायक अभियंता अजय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बोर्ड के अधिकारी ने कलेक्टर को प्रस्तावित ले-आउट एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर ने मानपुर में प्रस्तावित हाट बाजार निर्माण की भी जानकारी ली।

### वाहनों के प्रवेश पर रोक की मांग



**डोंगरगढ़।** अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। मेले में उमड़ने वाली भीड़ और पदयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### छात्रों ने की जलस्त्रोत की सफाई




**जेवरतला रोड।** विश्व जल दिवस के अवसर पर उच्तर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के स्वामी विवेकानंद युथ एंड इको क्लब के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने प्राकृतिक जल स्त्रोत और तालाब की सफाई की। इस मौके पर प्राचार्य आरके देवांगन ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए कहा कि जल को संरक्षित करना जरूरी हो गया है क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। प्रधान पाठक लिखन राम सरपा ने कहा कि जल ही जीवन है। लोगों को जल का संरक्षण करने की दिशा में ध्यान देना चाहिए। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि वर्तमान में जल की उपलब्धता को देखते हुए प्रबंधन आवश्यक हो गया है। लोग अज्ञानता वश इसे प्रदूषित करते हैं जिसके खतरनाक परिणाम होंगे। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर लीलेंद्र देवांगन, रवि देवांगन, ख़ोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, चंद्रभान देवांगन, गायत्री मौजूद थे।

## शहर और अंचल में नवरात्र पर्व की धूम

# पंचमी को मौसमी फलों से सजा मां बम्लेश्वरी का दरबार, उमड़े श्रद्धालु


## विशिष्टजनों का आगमन सतत जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पंचमी को माता बम्लेश्वरी का काल भैरव के आहवान के साथ अभिषेक श्रृंगार किया गया। पुरानी परंपरा के अनुरूप माता के पंचमी अभिषेक को अष्टधाती भगवती बगला मुखी स्वरूप के रूप में दर्शन को विशेषमहत्व दिया गया है। उपर और नीचे मंदिर में आचार्यो ने मंत्रोच्चार के साथ पट बंद कर माता की आराधना की। इस मौके पर गर्भग्रह को फलो से सजाया गया था जिसमें मौसमी फल 105 किलो, अनार 80 किलो, अंगुर 30 किलो, तरबुज 40 किलो, खरबुजा 10 किलो, आम 20 किलो, केला 50 किलो, नाासपाती 40 किलो, पाईनएप्पल 40 नग का उपयोग किया गया। छट व सप्तमी को सजाए गए फलों को प्रसाद के रूप बांटा जाएगा। सप्तमी को काल रात्रि अभिषेक होगा।

### जोगी भी पहुंचे देवी मंदिर



चैत्र नवरात्र की पंचमी को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उनके आगमन पर पार्टी के प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रवेश द्वार पर स्वागत किया। वह जयघोष के बीच पैदल रोप-वे तक पहुंचे। मां के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर श्री जोगी ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि स्व अजीत जोगी ने 1997 में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ यात्रा की शुरुआत यहीं से की थी। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा गरीबों एवं रोगियों की सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री जोगी ने कहा कि भाजपा से मुकाबले के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा। उन्होंने बताया कि पार्टी के विलय का प्रस्ताव एक वर्ष पूर्व कांग्रेस हाईकमान को सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक इस पर निर्णय नहीं लिया गया है। श्री जोगी ने कहा कि सरकार एक ओर शराबबंदी की बात करती है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश को नशे में धकेला जा रहा है।



### विधायक बघेल ने की पूजा

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने करेला के भवानी माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### परिजनों के साथ दर्शन करने पहुंचे सांसद अग्रवाल

नवरात्रि के मौके पर रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल परिजनों एवं कार्यकर्ताओं के साथ देवी दर्शन करने पहुंचे। छिरपानी रोपवे के पास उनका स्वागत किया गया। इस दौरान मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के मनोज अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, हरविंदरसिंग मंगे, कुलवंत कक्कड़, म्मीतसिंग बन्नोआना, प्रकाश बिंदल, अनिल गट्टानी, नितिन अग्रवाल पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, विनय बंसल सहित अन्य मौजूद थे। लौटते वक्त होटल राज में हरविंदर सिंग मंगे, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, पूनमचंद अग्रवाल, प्रिंस कक्कड़, मयंक डोंगरे, श्रीनिवास राव बाबू, गिरीश साहू,अमन सिंग भाटिया, हर्षसिंग भाटिया आदि से मुलाकात किया।

# निर्माण में देरी, ठेकेदार को अब थमाया नोटिस



- कार्य तीन साल से अधूरा, दो माह में पूर्ण करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी केन्द्र कुकुरमुड़ा अतरिया में तीन साल से निर्माणाधीन किसान कुटीर को लेकर किसानों में जमकर आक्रोश है। किसान अब निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर मंड़ी बोर्ड में शिकायत करने की बात कह रहे हैं। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए कुटीर का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में चिन्हांकित केन्द्रों में निर्माण जारी है। कुकुरमुड़ा अतरिया केन्द्र में लगभग 13 लाख की लागत वाली किसान कुटीर का निर्माण तीन साल से लंबित है।

पूर्व मंडी अध्यक्ष संजू सिंह चंदेल ने बताया कि तीन साल पहले दर्जन भर से अधिक केन्द्रों में किसान कुटीर का निर्माण शुरू किया गया था जो विभागीय लापरवाही के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। निर्माण कहीं अधुरा है तोकहीं गुणवत्ताहीन है जिसकी उच्चस्तरीय जांच होना चाहिए।

### कार्य पूर्ण करने का आश्वासन

ठेकेदार महेन्द्र जायसवाल ने बताया कि किसान कुटीर का जिस स्थान पर निर्माण हो रहा है वहां पानी भरे होने तथा विभाग से राशि अप्राप्त होने की स्थिति में देरी हुई है। उन्होने आगामी दो माह में निर्माण पूर्ण करने की बात कही है।

### विलंब के बाद ठेकेदार को नोटिस

निर्माण कार्य को लेकर विभाग के अभियंता मूलचंद साहू ने बताया कि कुकुरमुड़ा अतरिया में किसान कुटीर के निर्माण देरी को लेकर ठेकेदार को पहले भी नोटिस जारी किया जा चुका है। उसे फिर नोटिस देकर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया गया है।

प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने कहा कि किसानों को सुविधा पहुंचाने के लिए किसान कुटीर का निर्माण हो रहा है परन्तु ठेकेदार एवं विभागीय लापरवाही से निर्माण अधिकांश जगह अटका हुआ है।

# विवादों में ढारा सड़क का मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



डोंगरगढ़- ढारा सड़क विवादों में आ गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य शुरू करते ही कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस ने इसे अच्छी सड़क को खराब कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा ने आरोप को खारिज करते हुए इसे विकास बताया है। जानकारी के अनुसार उक्त सड़क की स्थिति लंबे समय से खराब है। जगह-जगह गड्ढों के कारण आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही थी। कांग्रेस ने इस मुद्दे को लगातार उठाया था और अब जब पीडब्ल्यूडी ने मरम्मत कराना शुरू किया, तो गुणवत्ता और प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह पहला अवसर है जब ठीक सड़क को जानबूझकर उखाड़कर नया निर्माण किया जा रहा है। विधायक ने जिन 38 जर्जर सड़कों का मुद्दा उठाया गया था, वहां काम करने के बजाय अच्छी सड़क को खोदा जा रहा है।

### भाजपा कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप

विशेषज्ञों का कहना है कि आरसीसी सड़क पर डामर की परत चढ़ाना स्थाई समाधान नहीं है। कांक्रीट की कठोर सतह और डामर की मजबूत पकड़ नहीं बनती, जिससे भविष्य में सड़क के उखड़ने की संभावना रहेगी। वहीं नागरिकों का कहना है कि यह कार्य सुधार से अधिक बजट खर्च करने की कवायद है। लोगों को आशंका है कि कुछ समय बाद सड़क की स्थिति फिर पहले जैसी हो सकती है।

### कर्मा जयंती आज

**डोंगरगांव।** करियाटोला में 25 मार्च को साहू समाज द्वारा मां कर्मा जयंती मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू, विधायक दलेश्वर साहू, अंजू त्रिपाठी, लीलाराम मंडलोई शामिल होंगे। अध्यक्षता जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू करेंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष शिवराम साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष कौशल साहू भी शिरकत करेंगे।

# नर्मदा युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने बालकिशन

## कार्यकारिणी में दो महामंत्री, पांच उपाध्यक्ष







- सभी वर्ग के युवाओं को कार्यकारिणी में मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

भाजपा नर्मदा मंड़ल ने जिला भाजपा अध्यक्ष बिशेसर साहू के निर्देशन एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल की अनुशंसा से नर्मदा युवा मोर्चा के कार्यकारणी की घोषणा किया है। कार्यकारणी गठन पर आयश सिंह बोनी ने कहा कि इस गठन के बाद संगठन में मजबूती आएगी। नर्मदा युवा मोर्चा का अध्यक्ष बालकिशन जंघेल को बनाया गया है। महामंत्री की जिम्मेदारी जयप्रकाश मसखरे एवं प्रकाश वर्मा को सौंपा गया है। उपाध्यक्ष ऋषभ सिन्हा, भुनेश्वर सेन, मिथलेश जैन, डोमार सिंह भेड़िया, संतु पटेल, मंत्री आकाश जायसवाल, योगेश पाल, गजेन्द्र वर्मा, टेकेन्द्र नायक, शिवेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष रोशन जंघेल को बनाया गया है। सह कोषाध्यक्ष लालचंद जंघेल हैं। सोशल मीडिया प्रभारी पंकज मसखरे, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र मंडावी, सह मीडिया प्रभारी भानु पाल, कार्यालय प्रभारी दीपक जंघेल, आईटी संयोजक डोगेन्द्र जंघेल, सह आई टी संयोजक हेमंत यादव को बनाया गया है।

कार्यकारणी सदस्य के रूप में भुवन जंघेल, मनोज लोधी, आशा लोधी, रोहित रजक, बाली सेन, गोलु जंघेल, धीरज साहू, हरिश्चन्द्र जंघेल, दिलीप जंघेल, गोकुल जंघेल, लालचंद पटेल, लोकेश जंघेल, ऋषि जंघेल, लिलेश्वर जंघेल, यशराज, भागवत पटेल, अजय जंघेल, सागर जंघेल, गोरे जंघेल, मुकेश जंघेल, ढालसिंह यादव, संतन कुमार, जय निर्मलकर, रोहित रजक, बाली सेन, गोवर्धन नेताम, भारत मानिकपुरी, कृपा यादव, नेत्र मरकाम, उपेद यादव, कुपेश दास, मोनू राजपुत, कुलेश्वर जंघेल, अरविन्द जंघेल, प्रदीप जंघेल, नोपाल जंघेल, तारण मिर्चे, संजय जंघेल, राम मेरावी, पंकज साहू, दिलेश्वर जोशी, अशोक जंघेल, जगतारण जंघेल, गोविंद जंघेल, कोमल जंघेल को शामिल किया गया है। मोर्चा के सभी सदस्यों को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, ज्योति जंघेल, प्रकाश जंघेल, दिवाकर सोनी, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, रमेश जंघेल, महेश जैन, लोमश वैष्णव, पवन पटेल, विशम्भर पटेल, सुरेन्द्र जंघेल आदि ने बधाई दी है।

## अर्पित किया श्रद्धासुमन

# शहीदों की याद में युवाओं ने निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़




खेल मंत्रालय की इकाई मेरा युवा भारत, माई भारत राजनांदगांव ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए पदयात्रा का आयोजन किया। पदयात्रा रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका से प्रारंभ हुई। पदयात्रा का आयोजन मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी टैगलाइन के साथ किया गया। अवंती चौक से शुरू होकर पदयात्रा लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय कर कचहरी चौक पहुंच कर समाप्त हुई।

### लहराएं तिरंगा

पदयात्रा में लगभग 120 युवाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लिए और देशभक्ति के नारे लगाते हुए युवाओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे, भारतेन्दु वर्मा, प्रीति खुर्सेल, डॉ. धर्मेंद्र साहू, जयप्रकाश वर्मा, विनोद वर्मा, तेजस्वी वर्मा आदि मौजूद थे। अंत में सभी ने शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

# कल के लिए आज से बचाएं जल : ठाकुर



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देश अनुसार विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने जल के महत्व को बताया। मुरली साहू ने जल का संरक्षण पर चर्चा की। काजल ने जल की कमी, तन्नू ठाकुर ने वाटर हार्वेस्टिंग तथा नेहा यादव ने जल बचाने के प्रयास पर अपनी बात रखी। तत्पश्चात प्राचार्य ने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर हम जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जल की महत्ता और कमी को देखते हुए उसका दुरूपयोग नहीं करना चाहिए। सभी को वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ संजू सिंह ने किया गया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, चांदनी पराते, हिमानी साहू, संध्या गावरे, ओम प्रकाश सहारे, ज्ञानेश्वर देवांगन, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू उपस्थित थे। संचालन शुभी जैन ने किया

# वृष्टि और जीवांशु का नवोदय में चयन

**जेवरतला रोड़।** प्राथमिक शाला चेन्दरी बन नवागाँव की वृष्टि साहू एवं जीवांशु कुमार का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है।




विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संकुल क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। चयनित बच्चों को प्रधान पाठक,शिक्षकों, प्रकाश जोशी के अलावा गांव के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बधाई दी है।

# जनपद सदस्य के घर निकला सांप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- रेस्क्यू करने में विभाग की लापरवाही के बाद युवाओं ने सुरक्षित बाहर निकाला सांप को

जनपद सदस्य कुसुम नेहरूलाल जंघेल के घर में सोमवार को कोबरा सांप निकलने की खबर है जिसे निकालने में गांव के युवाओं ने अपने साहस और सहयोग का परिचय दिया। जानकारी मुताबिक घर में जहरीले सांप को देखकर घर में मौजूद सभी सदस्य सहम गए थे। जनपद सदस्य जब दौरे से वापस लौटी तब घर वालों ने बताया कि कमरे में जहरीला सांप घुस आया है। उन्होने तुरंत वन विभाग के टीम से संपर्क किया परंतु विभाग का किसी भी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। काफी प्रयास के बाद रेंजर अशोक वैष्णव से संपर्क हुआ किन्तु उन्होंने व्यस्तता बताकर बाद में कॉल करने कहा। रात 11 बजे तक रेस्क्यू टीम नहीं भेजा गया। जनपद सदस्य ने कहने पर गजेंद्र पटेल, प्यारेलाल जंघेल, उमेंद्र पटेल, सोमनाथ पटेल, गोवर्धन पटेल, रोहित जंघेल, देव कुमार पटेल, हेमराज पटेल, डोमेश जंघेल, शीतल पटेल ने साहस का परिचय देते हुए सांप का बाहर निकाला।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** नगर के वार्ड 3 में डामरीकरण रोड का भूमिपूजन किया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अमित जैन, हरीश मोटघरे, अनीश निर्मलकर, शिवांगी साखरे, रतन कोसे, राजेश कंडरा, शारदा यादव, देवेंद्र साखरे, विनय बंसल, सविता दरगढ़, वात्सल्य श्रीवास्तव आदि शामिल हुए।

### अवंती प्रतिमा का लोकार्पण



**डोंगरगढ़।** महारानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर सेमरिया में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेमरिया, गोछिया, दानी घटोली, भाटकुडेरा, सिंगापुरी एवं कु. दुनिया में लगने वाली प्रतिमाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा, विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं। अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने की। मुख्यमंत्री 50 लाख की लागत से भवन निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने संबोधन में 20 मार्च की तारीख को त्याग, साहस और स्वाभिमान का प्रतीक बताया। समाज की ओर से मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में कोमल जंघेल, गिरिवर जंघेल, कमलेश वर्मा, फेरूराम वर्मा, कृष्ण कुमार सिगौर, जीवन कौशिक, विमल पटेल, दशमत जंघेल, सुरेश सिगौर आदि मौजूद थे।

### विकास कार्यों का भूमिपूजन



**सड़क अतरिया।** ग्राम आमाघाट कादा में सोमवार को जनपद सदस्य कुसुम नेहरू जंघेल ने सोलर स्ट्रीट लाइट, सड़क मरम्मत एवं नाली मरम्मत के करीब साढ़े तीन लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया।उल्लेखनीय है कि गांव की गलियों में अंधेरा छाया रहता था जिससे ग्रामीणों को अंधेरे में चलने से परेशानी होती थी। नालियां भी टुट फूट गई है। लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए जनपद सदस्य ने एक लाख के सोलर स्ट्रीट लाईट, 1 लाख 40 हजार का तालाब पींचिंग कार्य तथा सड़क एवं नाली मरम्मत के लिए 50- 50 हजार की मंजूरी दी है। भूमिपूजन के मौके पर सरपंच कांतिबाई पटेल, नेहरू जंघेल, गजेंद्र पटेल, विजय साहू, भारत पटेल, शत्रोहन पटेल, ओमप्रकाश पटेल, मुकुंद पटेल, उमेंद्र पटेल, गोवर्धन पटेल, संतोष पटेल, प्यारेलाल जंघेल, नकुल गहने, भुवनेश्वर पटेल, विनोद पटेल, यशवंत पटेल, राजेश पटेल एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कर्मा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**खुज्जी।** करमतरा में कर्मा जयंती के अवसर पर ग्रामीण एवं मंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू ने की। अतिथि के रूप में विधायक दलेश्वर साहू, जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू, जिपं सदस्य विभा साहू, समाजसेवी चेतन आनंद चौधरी, सचिव जिला साहू संघ के पूर्व संगठन सचिव शिवम चौधरी शामिल हुए। अतिथियों ने माँ कर्मा के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता, शिक्षा एवं सेवा भावना अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान कलश यात्रा निकाला गया जो गांव का भ्रमण करते हुए कार्यस्थल पहुंची। जहां ध्वजारोहण के बाद सामूहिक पूजा-अर्चना किया। कार्यक्रम में देवेंद्र साहू, रोहित साहू, सुमन लाल साहू, यादव राम साहू, डॉ पिलेश्वर साहू, रामकुमार पटेल सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### स्टेशनपारा में लगा सबमर्सिबल पंप और पानी टंकी



**राजनांदगांव।** गर्मी की वजह से पानी की समस्या से परेशान स्टेशनपारा वार्ड नंबर 11 के निवासियों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है। वार्डवासियों और राहगीरों की सुविधा को ध्यान में रखते पार्षद छोटेलाल रामटेके ने पार्षद निधि से वार्ड में सबमर्सिबल पंप और पानी टंकी लगवाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता आसिफ अली भी उपस्थित रहे। पंप और टंकी के उद्घाटन के दौरान स्टेशनपारा वार्ड की महिलाओं सहित अन्य वार्डवासी भी मौजूद थे। वार्डवासियों ने इस पहल की सराहना करते बताया कि गर्मी के दिनों में पानी की दिक्कत काफी हद तक कम होगी और अब उन्हें रोजमर्रा के कामकाज में सुविधा होगी। उक्त जानकारी हितेश गोन्नाड़े ने दी।

### एसडीएम कार्यालय में शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# पटेल नियुक्ति में नियमों की अनदेखी का लगाया आरोप

### चुनाव को निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

वनांचल क्षेत्र के ग्राम राजाबर में ग्राम पटेल नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि पूरी प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार कर चुनाव कराया गया, जबकि अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया। इस संबंध में ग्रामीणों ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शासन के ऊपर आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार 19 मार्च को साल्हेवारा तहसील कार्यालय द्वारा ग्राम पटेल का चुनाव कराया गया। इस चुनाव में दो प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन एक प्रत्याशी के खिलाफ गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई थी। शिकायत में उल्लेख किया गया कि संबंधित व्यक्ति पूर्व में एक मामले में दोषी ठहराया जा चुका है और उसे अर्थदंड भी दिया गया था, जिससे उसकी पात्रता पर सवाल खड़े हो गए। मामले को लेकर शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, छुईखदान-गंडई के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। एसडीएम ने जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए थे और संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया था। इसके बावजूद जांच प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही तहसील कार्यालय द्वारा चुनाव संपन्न करा दिया गया, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। दूसरे प्रत्याशी शिव कुमार एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देकर चुनाव का बहिष्कार किया। उनका आरोप है कि प्रशासन ने उनकी शिकायत को नजरअंदाज किया। उनका कहना है कि पुलिस वेरिफिकेशन में भी विरोधी प्रत्याशी के खिलाफ पूर्व में प्रकरण दर्ज होने की पुष्टि हुई थी, जिससे वह नियमानुसार चुनाव लड़ने के योग्य नहीं था।



#### ग्रामीणों ने कराया विरोध दर्ज

इस मुद्दे को लेकर आमगांव, जामगांव, सरोधी, राजाबर और समनापुर के किसानों ने भी विरोध दर्ज कराते हुए चुनाव निरस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक इस चुनाव को वैध नहीं माना जाना चाहिए। फिलहाल मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सभी की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

#### अपील कर सकते हैं

चुनाव अनुविभागीय अधिकारी के आदेशानुसार कराया गया है। यदि किसी पक्ष को आपत्ति है, तो वे नियमानुसार अपील कर सकते हैं।

**- एमएल झरिया,** तहसीलदार साल्हेवारा

## कला-साहित्य रत्न से अखिलेश्वर सम्मानित



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर मिश्रा को दल्लीराजहरा में कला /साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। अकाट्य को उक्त सम्मान कला साहित्य और फिल्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के सचिव मानसिंह ने बताया कि हस्ताक्षर साहित्य समिति दल्लीराजहरा द्वारा पुस्तक विमोचन समारोह के दौरान सम्मानित अकाट्य विभिन्न कवि सम्मेलन मंचों में शोभायमान होने वाले न केवल ओजस्वी कवि हैं, फिल्म निर्माता, समाजसेवी व ज्योतिषके ज्ञाता भी है। फिल्म निर्माण समिति रायपुर से जुड़े अखिलेश द्वारा निर्मित असली कलाकार फिल्म को लोगों का न केवल अच्छा रिस्पॉन्स मिला, कई पुरस्कार भी हासिल हुए हैं। अखिलेश्वर प्रसाद की साहित्य साधना तारीफे काबिल है।

#### कवि-साहित्यकारों ने दी शुभकामनाएं

चंदैनी-गोंदा के संस्थापक दाऊ रामचंद्र देशमुख के गृहग्राम पिनकापार निवासी अखिलेश्वर मिश्रा को हस्ताक्षर साहित्य समिति दल्लीराजहरा द्वारा शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर कला/साहित्य रत्न से सम्मानित किए जाने पर आत्माराम कोशा, शशिकांत द्विवेदी, अशोक चौधरी, शारदा तिवारी, गिरीश ठक्कर, राकेश इंदू भूषण ठाकुर, सुषमा शुक्ला, थंगेश्वर साहू, पवन यादव, रिखीराम पटेल, पूनाराम यादव, आनंदराम सार्वा समेत अन्य ने शुभकामनाएं दी। उक्ताशय की जानकारी साहित्य सृजन समिति के मानसिक मौलिक द्वारा दी गई।

## विश्व कविता दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय राजनांदगांव में 21 मार्च को विश्व कविता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न कवियों का कविता एवं स्वरचित कविता का सुर, लय, ताल के साथ वाचन किया गया। इसका उद्देश्य काव्य अभिव्यक्ति के माध्यम से भाषाई विविधता को बढ़ावा देना और लुफ्तप्राय भाषा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करना था।

महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रभारी प्राध्यापक राधेलाल देवांगन ने कहा कि विश्व कविता दिवस, कवियों को सम्मानित करने, कविता पाठ की मौखिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने, लेखन और शिक्षण को बढ़ावा देने तथा रंगमंच, नृत्य, संगीत और चित्रकला के बीच सामंजस्य स्थापित करने और मीडिया में कविता की दृश्यता बढ़ाने का अवसर है।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि कविता मानवीय भावनाओं, विचारों और अनुभवों को संक्षेप में लयात्मक और प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करने का सशक्त



माध्यम है। यह मानसिक सुकून, भावनात्मक अभिव्यक्ति, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और भाषा कौशल में सुधार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह समाज को प्रेरित करने और जीवन के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद करती है। विश्व कविता दिवस के अवसर पर बी.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शांति एवं द्वितीय अशोक साहू व भोलाशंकर तथा तृतीय स्थान पर विद्या साहू एवं टोमिन रहे। मंच संचालन बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र चंदन साहू ने किया।

## संयुक्त संचालक ने प्रधान पाठक शर्मा को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बीईओ पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

बीते दिनो विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाकर सुर्खियां बटोरने वाले बैहाटोला प्राशा के प्रधानपाठक किशोर शर्मा को जॉच बाद संयुक्त संचालक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर सहसपुर लोहारा अटैच कर दिया है।

जानकारी अनुसार इसी साल राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रपा किशोर शर्मा ने बीईओ नीलम सिंह राजपूत की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मानसिक प्रताड़ना और वेतन रोकने का आरोप लगाया था जबकि मामला इससे काफी उलट था। सालों से स्कूल आने में लेट लतीफी, बिना कारण बताए गायब रहने, मध्यांह भोजन में अनियमितता बरतने, मामले में जॉच, विभागीय कामों में लापरवाही जैसे आरोपों से लगातार घिरे प्रपा किशोर शर्मा ने अपने दामन को बचाने बीईओ नीलम सिंह राजपूत को आरोपों के कटघरे मे खड़ा कर दिया था।

इससे पहले 24/25 में मूल्यांकन कार्य मे लापरवाही को लेकर भी किशोर शर्मा को विभागीय नोटिस जारी हुआ था जिसका जवाब व्यक्तिगत रूप से ना देकर उन्होंने वाट्सग्रुप में देकर कार्यालयीन पत्राचार की गोपनीयता की धज्जियॉ उड़ाई इसके बाद उनके राज्यपाल पुरस्कार में चयन को लेकर भी शिक्षक संघ ने मुखर विरोध दर्ज कराया और चयन समिति पर बिना मैदानी अवलोकन किए नामित करने पर सवाल उठाया था, लेकिन इसके बाद भी येन केन किशोर शर्मा राज्यपाल पुरस्कार पाने मे सफल हो गए।

#### निलंबित कर भेजा दूसरा जिला

राज्यपाल से सम्मानित होने के बाद प्रपा किशोर शर्मा ने इस दफे बीईओ नीलम सिंह राजपूत की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें घेरने और विभाग मे दबाव बनाने का प्रयास किया था लेकिन पासा उल्टा पड़ गया। जॉच में स्पष्ट हुआ कि 20 नंवबर को जब एबीईओ केएन अमेला निरीक्षण के लिए पहुंचे तो शाला दंनिंदनी का संधारण नही हुआ था और उसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण विषय पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना में लापरवाही प्रमाणित हुई। निरीक्षण दौरान पता चला कि शाला की दर्ज संख्या 141 है। उपस्थिति पंजी मे 113 की एंट्री है और मध्यांह भोजन 136 का बनाकर पोर्टल में अपलोड किया गया है जबकि मौके पर महज 58 बच्चे मौजूद है। एबीईओ ने इसकी जानकारी विभाग को दी जिसके बाद प्रपा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। जवाब संतुष्टिकारक नही होने की दशा और प्रपा के कृत्य को कर्तव्य निर्वहन में गैर जिम्मेदाराना, पदीय दायित्वों की उपेक्षा और स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शन मानते हुए संयुक्त संचालक ने सिविल सेवा आचरण नियम में इसे गंभीर कदाचरण मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कवर्धा जिले के सहसपुर लोहारा ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अटैच कर दिया है।

## गौ रक्षा के लिए होगा आंदोलन

### विभिन्न चरणों में सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गौ माता के सम्मान अभियान अंतर्गत श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान सुंदरनगर रायपुर से संत रामबालक दास महत्यागी जन जागरण के लिए यहां पहुंचे। उन्होंने श्री कृष्ण गौशाला कमेटी परिसर में गौ सेवकों की बैठक ली। बैठक में गौ सम्मान अभियान अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं के समस्त आराध्य देवी देवता गौ माता के शरीर में वास करते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए भारत से गौ हत्या पूरी तरह से समाप्त होना चाहिए। उन्होंने बताया कि गौ माता राष्ट्र आधार का बने इसी संकल्प को लेकर आगामी 27 अप्रैल, 27 जुलाई एवं 27 फरवरी 2027 को सभी तहसील, ब्लाक अनुमंडल एवं जिला कार्यालय में गौ प्रेमी महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम विनय पत्र सौंपेंगे।



#### बैठक में रुपरेखा पर चर्चा

उन्होंने गौसेवकों से इस अभियान में जुटने तथा गांव-गांव जाकर टीम तैयार कर 27 अप्रैल को प्रार्थना पत्र देने का आवाहन किया। इसके बाद 27 जुलाई को प्रत्येक जिला मुख्यालय में जिलाधीश के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी क्रम में आगामी 27 अक्टूबर राजधानी में प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। सरकार द्वारा 26 जनवरी 2027 तक सकारात्मक कार्य नहीं होने पर 36 प्रांत के 780 जिलों में 5000 तहसीलों के नियुक्त किए गए सभी गोभक्त 27 फरवरी को दिल्ली में संकीर्तन करते हुए केंद्र सरकार से नियमित पत्र लेखन के माध्यम से आव्हान करेंगे।

## सफाई ठेकेदारों पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने सफाई ठेकेदारों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार जानबूझकर सरकार और सर्वोच्च न्यायपालिका के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। कम मजदूरी, सुरक्षा की अनदेखी और शोषित समाज को लगातार दबाव में रखा जा रहा है।

डॉ. हत्थेल ने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में एक सफाई कर्मचारी की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह घटना स्वच्छता क्षेत्र में हो रही लापरवाही का उदाहरण है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## आकाश बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग प्रभारी

**राजनांदगांव।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा आकाश चोपड़ा को दुर्ग संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति 19 मार्च को प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव की सहमति से की गई। आकाश चोपड़ा पूर्व में जिला भाजपा कार्यालय मंत्री का दायित्व निभा रहे थे। इससे पूर्व वे जिला भाजयुमो महामंत्री, उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी तथा शहर भाजपा महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। संगठनात्मक अनुभव के साथ-साथ वे सामाजिक गतिविधियों में भी लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। वे लायंस क्लब, राजनांदगांव रनर्स, एक कदम, सदर पाटा परिवार, चेस एसोसिएशन तथा भारतीय जैन संगठना सहित विभिन्न संस्थाओं में पिछले एक दशक से अधिक समय से सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके संगठनात्मक कौशल और सामाजिक सक्रियता को देखते उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति उपरांत आकाश चोपड़ा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और व्यापार प्रकोष्ठ को मजबूती प्रदान करने समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

## निधन



### जालिम सिंह परिहार

**डोंगरगढ़।** बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के महामंत्री महेंद्र परिहार के बड़े भाई एवं भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष नागेन्द्र परिहार के बड़े पिता जालिम सिंह परिहार का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार जेल रोड स्थित चौथना मुक्तिधाम में किया गया।



### गोपाल ग्वाला

**डोंगरगढ़।** खंडूपारा निवासी अरुण ग्वाला के पिता गोपाल ग्वाला का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### एक्स्ट्रोटर्फ में आयोजित स्पर्धा में हॉकी महाराष्ट्र ने कांस्य पदक जीता

# हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ़ को 5-1 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार के सांई सेंटर व हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी वेस्ट जोन हॉकी लीग के फाइनल मुकाबले में हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ़ को 5-1 गोल से पराजित करते स्वर्ण पदक के साथ विजेता बनी। मेजबान छत्तीसगढ़ रजत पदक के साथ उपविजेता व तीसरे स्थान पर हॉकी महाराष्ट्र ने कॉस्य पदक जीता। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह भारती गवाते के मुख्य आतिथ्य व अमृता मोहन सिन्हा, रेखा पदम, फिरोज अंसारी, विद्याविलास,



शिवनारायण धकेता, मृणाल चौबे, भूषण साव, नीलमचंद जैन, छोटेलाल रामटेके के विशिष्ठ आतिथ्य में संपन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने स्वागत भाषाण में कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण, हॉकी इंडिया एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के संयुक्त तत्वाधान में महिला हॉकी खेल को बढावा देने के उद्देश्य से अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की इस पहल से खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान की गई। अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी लीग का आयोजन 20 से 24 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम में सब-जूनियर बालिका वर्ग आयोजित किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की जोन से संबंधित कुल चार टीमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान तक आने वाली टीमों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 180000, द्वितीय पुरस्कार 144000, तीसरा और चौथा पुरस्कार 90000 रुपए का चेक उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रदान की गई।

#### फाइनल में मध्यप्रदेश ने छत्तीसगढ़ को हराया

फाइनल मैच में हॉकी मध्यप्रदेश और मेजबान छत्तीसगढ़ के मध्य खेला गया। फाइनल मैच मध्यप्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 5-1 गोल से पराजित किया। मैच में प्रिया दुबे, अनामिका शर्मा, राजवीर कौर, कुलदीप कौर, खुशबू सिसोदिया, अमृता सेन, पिंकी नायक, ईशानी पटेल ने निर्णायक व तकनीकी अधिकारी की भूमिका निभाई। वहीं वंदन रघुवंशी टेक्निकल डेलीगेट के रूप में उपस्थित थी। समापन समारोह में आशा थामस, प्रिंस भाटिया, अजय झा, किशोर धीवर, शब्बीर खान, चंदन भारद्वाज, तीरथ गिरी गोस्वामी, शकील अहमद, दिग्विजय श्रीवास्तव, शिवा चौबे, दिलीप रावत, योगेश द्विवेदी, सचिन खोबरागड़े, अभिनव मिश्रा, हारून खान, खुशाल यादव, सुखदेव निर्मलकार, कार्तिक यादव, तौफीक अहमद, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, ग्राम पंचायत गैन्दाटोला**
**जपं छुरिया, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक- / ग्रापं /2026-27 दिनांक 24/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026/27 के लिए ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले आम बाजार की नीलामी सोमवार दिनांक 30/03/2026 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भवन गैन्दाटोला में पारित प्रस्ताव अनुसार किया जाना है जिसकी नीलामी कार्यालय भवन में नियमानुसार होगी।

1. **आम बाजार - अमानत राशि 5,000/-रूपए**

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी बोली मे शामिल हो सकते है। सफल बोलीदार को नीलामी के तुरंत बाद 50% राशि जमा करना होगा। शेष राशि बोली तारीख से 3 माह के भीतर जमा करना अनिवार्य है। नियम व शर्तो का अवलोकन सूचना पटल पर किया जा सकता है।

**श्रीमती उषा कमलनारायण गुप्ता**
सरपंच

**महेश कौशिक**
सचिव, मो. 7587740620

# मुक्तिधाम की लापरवाही: दूसरे परिवार ने विसर्जित कर दी किसी और की अस्थियां

## अस्थि विसर्जन से वंचित हुआ परिवार, मुक्तिधाम प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

शहर के मुक्तिधाम में दाह संस्कार के बाद किसी और की अस्थि किसी अन्य परिवार द्वारा विसर्जित किए जाने का मामला सामने आया है। अस्थि विसर्जन नहीं कर पाने वाले परिवार के लोगों ने आज मुक्तिधाम के बाहर आक्रोश व्यक्त करते स्थानीय मुक्तिधाम प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

लखोली क्षेत्र स्थित मुक्तिधाम में शहर के चिखली वार्ड नंबर 5 निवासी चौहान परिवार के 39 वर्षीय पुत्र पंकज सिंह चौहान का बीते रविवार को निधन हो गया था। उनके परिजनों ने रीति-रिवाज के साथ रविवार शाम लगभग 5 बजे मुक्तिधाम के शेड क्रमांक 2 में अपने पुत्र का दाह संस्कार किया। इसके बाद जब तीसरे दिन आज सुबह वह उसकी अस्थियां लेने पहुंचे तो वहां से पूरी अस्थियां गायब थी। यह देखते ही अस्थियां लेने पहुंचे परिजनों के होश फाख्ता हो गए। इसके बाद इस संबंध में पूछताछ करने से पता चला कि तीन नंबर में जिसके परिजन का अंतिम संस्कार किया गया था, उनके द्वारा दो नंबर शेड से अस्थियां ले जाई गई है। उनसे संपर्क करने पर पता चला कि उन्होंने अस्थियां शिवनाथ नदी में विसर्जित कर दी गई है। यह सुनते ही चौहान परिवार को भावनात्मक आघात पहुंचा। इसके बाद चौहान परिवार के लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते गौशाला पिंजरापोल पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### अस्थियां थी गायब!

मृतक के भाई राहुल सिंह चौहान ने कहा कि रविवार सुबह लगभग 10 बजे उनके भाई की मृत्यु हुई थी और दोपहर लगभग 12 बजे हॉस्पिटल से उसका शव लाकर शाम 5 बजे लखोली मुक्तिधाम में दाह संस्कार किया गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक नियमानुसार तीन दिन में उसकी अस्थियां विसर्जन के लिए लेने आए थे, लेकिन यहां आकर देखे तो उनके भाई की अस्थियां नहीं थी, यहां कुछ भी नहीं बचा था।



### आखिर जिम्मेदार कौन?

अपने पुत्र की अस्थियां नहीं मिलने के बाद मृतक के परिजनों ने मुक्तिधाम प्रबंधन से बात की। मृतक के परिजनों ने बताया कि मुक्तिधाम प्रबंधन का कहना है कि जवाबदारी हमारी नहीं रहती है। वहीं अस्थियां ले जाने वाले परिवार ने कहा कि गलती हो गई है। मृतक के परिजनों ने कहा कि अब हमारी भावनाओं का क्या होगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। अब भविष्य में ऐसा दोबारा किसी परिवार के साथ न हो।

### जाने वाले थे प्रयागराज

मृतक के पिता प्रकाशसिंह चौहान ने कहा कि गौशाला पिंजरापोल द्वारा केवल 31 सौ रुपए लेने से उनकी जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती है। उनकी हर मामले में जवाबदारी बनती है। उन्होंने कहा कि हम अपने पुत्र की अस्थियां इलाहाबाद ले जाने वाले थे, ट्रेन का रिजर्वेशन हो गया था, सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। उन्होंने इस मामले में कलेक्टर से गौशाला पिंजरापोल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सार समाचार

### 26 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रामनवमी के उपलक्ष्य में आगामी 26 मार्च को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### रेलवे फाटक बंद, अब अंडरब्रिज से होगी आवाजाही

**राजनांदगांव।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के राजनांदगांव–डोंगरगढ़ रेलखंड पर सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा एवं यातायात के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते संबंधित स्थानों पर रोड अंडरब्रिज एवं रोड ओवरब्रिज के निर्माण उपरांत उक्त खंड के मानवयुक्त समपार फाटक को 28 मार्च को सुबह 10 बजे से सभी प्रकार के सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। इस क्रम में समपार फाटक संख्या 454 (किमी 881/39–882/1), मुडहीपार–परमालकसा मार्ग तथा समपार फाटक संख्या 468 (किमी 912/5–7), बाकल-मुसरा (अलिवारा) मार्ग को निर्धारित तिथि एवं समय से बंद किया जाएगा। उक्त समपार फाटकों के बंद होने के पश्चात समस्त सड़क यातायात को नव-निर्मित रोड अंडरब्रिज एवं रोड ओवरब्रिज के माध्यम से डायवर्ट किया जाएगा। जिससे आवागमन अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकेगा।

### देशभक्त शहीद हेमू कलानी को किया याद

**राजनांदगांव।** देशभक्त शहीद हेमू कालानी के जन्मदिवस पर सिंधी समाज ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अमर लालवानी, डॉ. करतार सिंह कंजवानी, लोकचंद लहरवानी, मन्नूमल मोटलानी, ब्रह्मानंद बजाज, अर्जुनदास पंजवानी ने मंच पर देशभक्त शहीद हेमू कलानी के जीवनी में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बेबी जीनल व मास्टर गर्व बजाज ने प्रस्तुति दी। मंच संचालन अर्जुनदास गंगवानी ने किया।कार्यक्रम में घनश्याम दास गंगवानी, अर्जुन वाधवानी, आसर जुमनानी, गिरधारी पंजवानी, टेकचंद बजाज, गिरधारी तलरेजा, रमेश गिडवानी, कमल चिचेरिया, कौशल शर्मा, अशोक मोती रामानी, मुरली फगवानी, विनोद लुल्ला, शक्ति वाधवानी, मनोहर बजाज, चंद्रपाल कटियारा, हरीश सोनी, जसबीर कंजवानी, प्रकाश वाधवानी, ज्ञान लालवानी तथा समाज के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



### पंचमी पर मां महाकाली का भव्य श्रृंगार

**राजनांदगांव।** वार्ड नंबर 1 बाबूटोला स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर में सात दिवसीय महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन भी किया गया है। नवरात्र के पंचमी अवसर पर मां महाकाली का विशेष मनोरम श्रृंगार किया गया। मंदिर में महाआरती के बाद जस जगराता का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रमुख गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष नवरात्र महोत्सव में श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। पंचमी के दिन भीड़ आम दिनों की तुलना में अधिक रही। सात दिवसीय महालक्ष्मी महायज्ञ में दूर-दूर से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं और उनकी आस्था देखने लायक है।



मंदिर समिति के अध्यक्ष अखिलेश बंजारा ने बताया कि आगामी अष्टमी तिथि को सर्वव्याधि निवारण हेतु उड्डीस तंत्र के तहत 21 साधकों द्वारा अभिमंत्रित धूप का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही निःसंतान दंपत्तियों को संतान प्राप्ति के लिए माता की अर्जी, श्रीफल और अभिमंत्रित औषधि भी मुफ्त दी जाएगी। अभिमंत्रित धूप और औषधि के लिए नामांकन 25 मार्च की रात 8 बजे तक अनिवार्य है।

### मिथलेश बने करूणाशील बौद्ध विहार के नए अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** बसंतपुर वार्ड क्र. 46 स्थित करूणाशील बौद्ध विहार में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विहार की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, बुद्ध अनुयायी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मिथलेश मेश्राम को करूणाशील बौद्ध विहार का अध्यक्ष चुना गया।

इसी प्रकार अभिषेक मेश्राम को उपाध्यक्ष तथा अश्वनी (पिंटू) वासनिक को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का सदस्यों द्वारा स्वागत करते उन्हें शुभकामनाएं दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मिथलेश मेश्राम ने कहा कि वे विहार के विकास, बौद्ध संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा भी जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विहार परिसर में नियमित रूप से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिससे समाज में जागरूकता और एकता को बल मिल सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने नवगठित कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी तथा विहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पूर्व पार्षद ने की कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने सवाल उठाते कहा कि 10 करोड़ की सड़क डामरीकरण को नगर निगम आयुक्त क्यों नहीं बना रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से कलेक्टर जितेन्द्र यादव से मांग की है कि राजनांदगांव शहर की जनता की सुविधाओं के लिए डॉ. रमन सिंह ने लगभग 10 करोड़ 4 लाख 34 हजार रुपए की सड़क डामरीकरण की स्वीकृति शहर के 41 सड़कों के डामरीकरण की स्वीकृति 3 सितंबर 2024 को नगर निगम को दी थी।

## कांग्रेस ने किया नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय का घेराव

# षड्यंत्र : बगैर भू-अर्जन के 30 फीट की सड़क को कर दी 45 फीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध कालोनाईजरों एवं व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स संचालकों को लाभ पहुंचाने के लिए राजस्व अभिलेखों में कथित छेड़छाड़ कर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय का घेराव किया।

जितेंद्र मुदलियार ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा सुनियोजित षड़यंत्र के तहत पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नंदई चौक से रानीतराई तक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा 30 मीटर चौड़ाई की सड़क को 45 मीटर दर्शाया जा रहा है। जिससे इस क्षेत्र में व्यापारियों, निवासरत परिवारों को दिक्कत आएगी। भविष्य में कई वैध निर्माण भी अतिक्रमण की श्रेणी में आ जाएंगे। आगे चलकर जब रोड 45 मीटर की कर दी जाएगी, तब आम लोगों को मुआवजा नहीं मिल पाएगा। गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के आशियाने और आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।



### दस्तावेजों में कूटरचना

श्री मुदलियार ने यह भी आरोप लगाया कि नगर में कई अवैध कॉलोनियों एवं व्यावसायिक परियोजनाओं को वैध ठहराने के लिए इसी प्रकार दस्तावेजी कूटरचना की गई है। नगर तथा ग्राम निवेश, राजस्व विभाग एवं नगर निगम की कथित मिलीभगत से अवैध परियोजनाओं को संरक्षण दिया जा रहा है। जिसके कारण आम नागरिकों का शोषण हो रहा है।

### दहशत में रहवासी: मुदलियार

श्री मुदलियार ने कहा कि यह पूरा प्रकरण आमजन की जीवनभर की जमा पूंजी और निवेश को जोखिम में डालने वाला है। एक मध्यम वर्गीय या गरीब परिवार कठिन परिश्रम से जमीन का छोटा टुकड़ा खरीदता है, लेकिन इस प्रकार की अनियमितताओं से उनकी संपत्ति पर संकट उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने बताया कि नंदई से रानीतराई तक कई परिवार इस स्थिति से प्रभावित हो सकते हैं। कांग्रेस ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर, आर्थिक एवं प्रशासनिक अपराध बताते इसमें शामिल अधिकारियों एवं संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### नेताओं की रही उपस्थिति

इस घेराव प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रवीण मेश्राम, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इकरामुद्दीन सोलंकी, राकेश जोशी, मामराज अग्रवाल, रूबी गरचा, अशोक फड़नवीस, अशोक पंजवानी, नरेश शर्मा, सूर्यकांत जैन, जयनारायण सिंह, महेंद्र बहादुर, मनीष गौतम, विनय झा, राजिक सोलंकी, देवेश वैष्णव, सूरज शर्मा, महेश यादव, ललित मरकाम, पिंकू खान, शरद खंडेलवाल, अवधेश प्रजापति, रूपेश साहू, शैलेश ठावरे, ललित कुमरे, आशीष साहू, विशु आजमानी, सुरेन्द्र देवांगन, आफताब अहमद, जय जायसवाल, मुस्तुफा जोया, चैतराम साहू सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### 6.120 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन व मसाला जब्त



**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा ग्राम कल्याणपुर थाना डोंगरगढ़ में उत्तमदास चतुर्वेदी के कब्जे से 34 नग पाव देशी मदिरा प्लेन व मसाला कुल मात्रा 6.120 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल कुमार सिंह, मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत, आरक्षक भोजराज बंजारे शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच करने एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राजस्व वसूली में कड़ाई, सात दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में कड़ाई बरतते प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। बकायेदारों का नाम प्रकाशित कर नल विच्छेदनकर किया जा रहा है तथा दुकानें भी सील की जा रही है। दुकानें सील करने की कड़ी में मंगलवार को चिखली स्कूल के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में 7 दुकानें सील की गई एवं 6 दुकानों से कब्जा हटाने कब्जाधारी को नोटिस दिया गया।



वित्तीय वर्ष समाप्ति के माह अंत में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे हैं तथा बडे बकायेदारों को अपने बकाया करों का भुगतान करने समझाईस दे रहे हैं। निर्देश पर राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में निगम का अमला दुकानें सील करने एवं नल विच्छेदन की कार्रवाई कर रही है। दुकानें सील करने की कड़ी में मंगलवार को चिखली स्कूल के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत की निर्मित दुकानों के दुकानदारों द्वारा नोटिस उपरांत भी अनुबंध नहीं कराकर किराया जमा नहीं किया जा रहा था, जिस पर कार्रवाई करते 7 दुकानें सील की गई। वहीं 6 दुकानों से अवैध कब्जा खाली कर निगम को आधिपत्य सौंपने नोटिस दिया गया। कुल 22 दुकानों में 9 दुकानों का अनुबंध निष्पादित हुआ था। शेष 13 दुकानों में 7 दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ था और 6 दुकानें अवैध कब्जा था, उक्त दुकानो में कार्रवाई की गई।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली किया जाना है। वसूली के लिए करदाताओं को करों का भुगतान करने अपील की जा रही है। बड़े बकायेदारों को नोटिस दिया गया है, भुगतान नहीं करने की स्थिति में दुकानें सील करने तथा नल विच्छेदन की कार्रवाई की जा रही है।

# खनिज का अवैध परिवहन करते वाहन किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा मंगलवार को ठेलकाडीह, सोमनी, धीरी, डुमरडीहकला, चारभाठा, घुमका सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान खनिज अमला द्वारा खनिज रेत का अवैध परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें दुर्ग निवासी गजेन्द्र चौहान के स्वामित्व की हाईवा-सीजी-07-बीवी-5232 से रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना सोमनी तथा राजनांदगांव निवासी पदम चोपड़ा के स्वामित्व की हाईवा-सीजी-08-एके-1989 से चूना-पत्थर का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना ठेलकाडीह को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन के रोकथाम के लिए ग्रामों में मुनादी कराई गई है तथा खनिज विभाग द्वारा लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।

# आधुनिक शौचालय निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

**राजनांदगांव।** साफ-सफाई का जायजा लेने महापौर मधुसूदन यादव सुबह वार्ड विजिट कर नागरिकों को स्वच्छता अपनाने समझाईस दे रहे हैं। नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने स्वास्थ्य अमला को निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने जयस्तंभ चौक व गोल बाजार का निरीक्षण कर बाजार में सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बाजार में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने उप अभियंता को निर्देशित किया।



महापौर श्री यादव टोपेन्द्र सिंह, शैंकी बग्गा, सावन वर्मा, शरद सिन्हा के साथ जयस्तंभ चौक व गोलबाजार में पैदल भ्रमण कर स्वास्थ्य अमला से कहा कि बाजार भीड़भाड़ वाला इलाका है, जिसे ध्यान मे रखकर यहां सफाई में जोर दिया जाए। बाजार लगने के पहले सफाई किया जाए। फल-सब्जी विक्रताओं को कचरा गाड़ी में डालने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस दें।

### सफाई के निर्देश

महापौर श्री यादव जयस्तंभ चौक एवं गोल बाजार में नागरिकों से मिलकर साफ-सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने समझाईस दी। निगम का सफाई अभियान बिना जनभागीदारी के संभव नहीं है। आप सबके सहयोग से ही हम स्वच्छता में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। स्वच्छता के लिए कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली दीदीयो को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग दें।

## पिछले सालों की तुलना में इस बार उपस्थिति कम

# कम संख्या में डोंगरगढ़ पहुंच रहे पदयात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्रि में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने पदयात्रियों की संख्या कम नजर आ रही है। धूप की वजह से ज्यादातर पदयात्री रात्रिकालिन पैदल चल रहे हैं। आज नवरात्र के पंचमी पर भी पदयात्री मार्ग में श्रद्धालुओं का रेला नजर नहीं आया। प्रतिवर्ष पदयात्रा कर मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। क्वांर नवरात्रि की अपेक्षा चैत्र नवरात्रि में पदयात्रियों की भीड़ कम रहती है। ज्यादातर पदयात्रा सुबह-सुबह और रात में ही पदयात्रा कर रहे हैं। वहीं कड़ी धूप की वजह से शहर के कुछ जगह पर लगे सेवा पंडालों में कूलर-पंखे की हवा में ज्यादातर पदयात्री आराम करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं कुछ पदयात्री इस कड़ी धूप में भी हाथों में ध्वजा पताका और पांव में छाले लिए पैदल चल रहे हैं।



### सुविधा में कमी

मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए श्रद्धालु धमतरी, बालोद, दुर्ग, भिलाई सहित आसपास क्षेत्रों से पहुंच रहे हैं। बीते 23 वर्षों से रायपुर से पदयात्रा करते मां बम्लेश्वरी के दरबार डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री श्रद्धालु दीप साहू का कहना है कि पहले पंडालों में अच्छी सुविधा रहती थी, लेकिन बीते कुछ वर्षों से पंडाल की कमी हो रही है।

### आसपास क्षेत्र से ही आ रहे पदयात्री

मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों में सर्वाधिक संख्या दुर्ग, रायपुर और भिलाई से रहती है। इस वर्ष ज्यादातर आसपास क्षेत्र से ही पदयात्री आ रहे हैं। सड़क पर पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए जिले के अंजोरा से लेकर राजनांदगांव शहर तक पुलिस प्रशासन द्वारा नेशनल हाईवे को वन-वे किया गया है। वहीं सड़क दुर्घटना से बचने के लिए पदयात्रियों के हाथों में रेडियम बेल्ट व पिट्ठू बैग में भी रेडियम लगाया जा रहा है।



## कर्ज लेकर अपनों की शादियां करने को मजबूर किसान : नवीन जायसवाल

# भुगतान की मांग को लेकर किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पण्डरिया

कवर्धा जिला गन्ना व गुड़ की मिठास के लिए जाना जाता रहा है जहां किसान गन्ने की खेती कर अपना जीवन यापन बड़े ही खुशहाल तरीके से कर रहे है, जिले में गन्ने का उत्पादन इतना है कि 2 सहकारी शक्कर कारखाना की साथ साथ लगभग 400 से अधिक गुड़ फैक्ट्रिया संचालित हो रही है पर पंडरिया शक्कर कारखाना में गन्ना बेचने वाले किसानों की समस्या बढ़ती जा रही है किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने पंडरिया शक्कर कारखाना में भुगतान पर हो रही देरी पर भाजपा सरकार पर किसानों के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया है, चन्द्रवंशी ने कहा कि एक ओर जहां भोरमदेव कवर्धा कारखाना में गन्ना किसानों को पूर्ण भुगतान हो गया है तो दूसरी ओर पंडरिया कारखाना में मूल भुगतान 26 करोड़ रुपये से भी अधिक का भुगतान लंबित है जिससे हमारे क्षेत्र के किसानो को बहुत सी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है, शादियो का सीजन है किसानों को अपने दैनिक कार्यों के लिए साहूकारो से कर्ज लेना पड़ रहा है जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि पंडरिया विधायक द्वारा चुनाव जीतने के बाद तत्काल भूगतान कराने की बात कही थी मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आज 5 महीने बाद भी 80 प्रतिशत भुगतान बाकी है तो उनके तत्काल भूगतान का क्या अर्थ निकाला जाए। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन जायसवाल, रवि चंद्रवंशी, घनश्याम साहू, सुभाष गिरी, सुरेश चंद्राकार, बीरेंद्र, सत्रुहन चंद्रवंशी, धनीराम, जित्तू, प्रकाश पटेल, त्रिलोक निर्मलकर, गोविंद, राजकुमार, दिनेश पटेल, जलेश, सुखचंद, भुवनेश्वर, तिलक, कृष्णा, राजू यादव, सुशैन, कोमल, रोहित, रंजीत, मोती, अलेखचंद, अमन, आशीष, प्रदीप, अनिमेष, खोवाराम, शेखर, पुस्कर सिंह, राजेंद्र, जितेंद्र, रामचंद राहुल सहित सैकड़ों किसान भाई उपस्थित थे।

### जल्द भुगतान नही हाने पर किसानों के साथ अनिश्चित चक्का जाम : रवि चंद्रवंशी



ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि भुगतान में देरी के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। खेती के लिए लिए गए कर्ज, खाद-बीज का खर्च और घरेलू जरूरतों को पूरा करना किसानों के लिए मुश्किल हो गया है। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी ने किसान हित में बात रखते हुए शासन-प्रशासन को 10 दिवस में गन्ना किसानों के पूर्ण भुगतान की माँग की है यदि तय समय पर भुगतान नहीं हुआ तो किसानों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने की बात कही है

# सात दिवसीय मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में दिनांक 18 से 24 मार्च 2026 तक 7 दिवसीय मधुमक्खी पालन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें कबीरधाम जिले के विभिन्न गांवो से 28 कृषकों का चयन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पोलमी, बोड़ला, कुकदुर, भंगीटोला एवं लखनपुर के कृषकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर राज्य के अलग-अलग केन्द्रों के वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों पर जैसे- मधुमक्खी के प्रकार, फुल प्रबंधन एवं रख-रखाव, विभिन्न उपकरण, स्थान का चयन, शहद निष्काशन विधि, बाजार विक्रय मांग एवं पैकेजिंग के साथ-साथ कृषकों को शहद प्रसंस्करण केन्द्र, बोड़ला का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षणार्थियों को मधुमक्खी के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी दी गई जैसे - मधुमक्खियां फूलों के परागण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे कई फल, सब्जियों और दालों की फसलों की पैदावार बढ़ती है। इसके परिणाम स्वरूप खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

मधुमक्खियां शहद का उत्पादन करती है, जो एक पौष्टिक खाद्य पदार्थ और औषधीय गुणों से भरपूर पदार्थ है। इसके अलावा, वे मोम भी प्रदान करती है, जिसका उपयोग सौंदर्य प्रसाधन, पॉलिशिंग और दवा उद्योग मे होता है। मधुमक्खी पालन एक कम खर्चीला और लाभदायक व्यवसाय है, जो किसानों विशेषकर महिलाओं और भूमिहीन किसानों के लिए आय और स्वरोजगार के अवसर पैदा करता है। मधुमक्खियां कई जंगली फूलों और अन्य पौधों के प्रजनन में मदद करती है, जो अनगिनत अन्य जीवों के लिए आवास और पोषण प्रदान करते है। यह पारिस्थितिक तंत्र के विकास में सहायक है। शहद के औषधीय गुण सदियों से उपयोग किय जाते रहे है। मधुमक्खी के जहर में ऐसे प्रोटीन पाये जाते है जिनका उपयोग एड्स के इलाज में भी संभावित रूप से किया जा सकता है। प्रशिक्षण के अंत में 28 प्रशिक्षणार्थियों को मुख्यअतिथि डॉ ऋचा मिश्रा प्राचार्या आचार्य पंथ गृंथ मुनि नाम साहब स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, डॉ. असीत कुमार मिश्रा, सहायक प्राध्यापक, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.पी. त्रिपाठी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी. पी. त्रिपाठी, इंजी. टी.एस. सोनवानी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी, डॉ. बी.एस. परिहार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य विज्ञान, डॉ. एन. सी. बंजारा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी,प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. सी.पी. राहंगडाले, विषय वस्तु विशेषज्ञ, वानिकी, उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया गया कारागार निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सालसा के निर्देशानुसार गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित एम्पावर्ड समिति द्वारा कबीरधाम में कारागार निरीक्षण 23 मार्च को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमन तिग्गा, अतिरिक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल, लोक निर्माण विभाग से एलआर छतरे एवं जेल मैनुअल 2016 के तहत गठित समिति के अन्य सदस्यगणों के साथ किया गया। इस दौरान जेल के बैरकों, जाति आधारित भेदभावपूर्ण प्रथायें, स्नानागार, जेल परिसर में स्वच्छता एवं बंदियों के भोजन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर अवलोकन कर निरीक्षण किया गया।

उन्होंने जेल परिसर का निरीक्षण करते हुए बैरकों की क्षमता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं बैरकों में रखे जाने वाले बंदियों की संख्या, रसोई कक्ष की स्वच्छता, पीने के पानी तथा भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के लिए खेल एवं व्यायाम के साधन व प्रशिक्षण की जानकारी, जेल परिसर के बागवानी की स्वच्छता के संबंध में भ्रमण कर जानकारी ली गई। तत्संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सहायक जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# कन्याओं को जन्म दीजिए और सम्मान करिए दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती का प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जुनवानी जिला साहू संघ और मां कर्मा माता मंदिर समिति द्वारा आयोजित ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में आयोजित पंचकुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के पंचम दिवस में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि भगवान श्रीशिव की कृपा से सृष्टि होती है शिव से ब्रह्मा उनसे 10 ऋषि उत्पन्न हुए फिर ब्रह्मा सृष्टि विस्तार का विचार करते हैं तब एक पुरुष उत्पन्न होते हैं वो हैं कामदेव सृष्टि विस्तार के लिए ब्रह्मा ने कामदेव को पांच बाण दिए। ब्रह्मा के पसीने से पितर उत्पन्न हुए। दक्ष के पसीने से रति उत्पन्न हुई। दक्ष से साठ कन्या उत्पन्न हुई जिनका अलग-अलग ऋषियों के साथ विवाह हुआ और सृष्टि का विस्तार हुआ। सभी लोग सुन्दर और सुशील बहू चाहते हैं पर बेटियों से परहेज करते हैं तो ये उचित नहीं है। इसलिए बेटियों का बहुत सम्मान करना चाहिए भ्रूण हत्या बहुत बड़ा पाप है जिसका प्रायश्चित नहीं है। कन्याओं को जन्म देना चाहिए और बहुत अच्छे संस्कार देना चाहिए सम्मान करना चाहिए। दक्ष ने तप किया और जगत जननी माता सती के रुप में दक्ष के घर प्रगट हुई। चारों ओर सुख संपत्ति रिद्धि सिद्धि आनंद छा गया। देवर्षि नारद ने माता सती को शिव को पाने के लिए तप बताया। एकादशी को चांवल भात खाने से पाप लगता है पर भगवान में चांवल चढ़ा सकते हैं पूजन कर सकते हैं। माता सती ने भगवान शिव को प्राप्त करने तप किया भगवान शिव प्रसन्न हुए और शिव और सती का विवाह होता है। माता सती ने पूछा कि भक्ति क्या है तब भगवान शिव कहते हैं कि जिनके पास भक्ति होती है मैं उनके बस में हो जाता हूं । भक्ति दो प्रकार की है एक सगुण और दूसरा निर्गुण सगुण उपासना नौ प्रकार की है यही नवधा भक्ति है एक भी जीवन में आ गया तो उसका कल्याण हो जाता है। भगवान शिव सहज कृपा करते हैं एक शिकारी अनायास रात्रि जागरण करता है शिवरात्रि को बिल्व वृक्ष में शिकार करने जगते हैं बिल्व पत्र गिरता है और अनजाने में होने वाले पूजन से भगवान शिव जी प्रसन्न हो गए और वरदान दे दिए। भगवान शिव ने कृपा करके मार्कण्डेय ऋषि को दीर्घायु वाले बना देते हैं। छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक, अपूर्व और अद्वितीय सवा लाख शिवलिंग का मंदिर बन रहा है जिसमें 51 सौ रुपए देकर पति-पत्नी अपने नाम से या अपने पूर्वजों के नाम से या अपने बच्चों के नाम से एक शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से शिवलिंग स्थापित करा सकते हैं। प्रातः काल से यज्ञ भगवान की पूजा होती है जो लगभग 1 एक बजे तक चलती है उसके बाद प्रवचन होता है।

### हर विकासखंड मुख्यालय में आयोजित होंगे कार्यक्रम, जिले के 21610 हितग्राही होंगे लाभान्वित

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार को 10-10 हजार रूपए 25 मार्च को दोपहर 12 बजे से बलौदाबाजार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों के खातें में राशि ट्रान्सफर करेंगे। इसी तारतम्य में जिला कबीरधाम अंतर्गत आनें वाले सभी जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में जनप्रतिनिधियों व योजना के हितग्राहियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कबीरधाम जिला अंतर्गत तहसील बोड़ला के 4449 हितग्राही, सहसपुर लोहारा के 3674 हितग्राही, पिपरिया के 3616 हितग्राही, कुण्डा के 3475 हितग्राही, पण्डरिया 3405 कवर्धा के 2456 हितग्राही, रेंगाखाकला के 535 हितग्राही इस प्रकार कुल 21610 हितग्राही योजना से लाभांवित होंगे।

# सिंघनपुरी के भक्तिन दाई के दरबार देवी मंदिर में 80 ज्योति प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

सिंघनपुरी के भक्तिन दाई के दरबार देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र में 80 ज्योति प्रज्ज्वलित है। जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सिंघनपुरी है जहां चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सिंघनपुरी के भक्तिन दाई के दरबार देवी मंदिर में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी विधि विधान से 80 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है श्रद्धा और भक्ति के इस विशेष आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तिन दाई देवी मंदिर पहुंच रहे हैं नवरात्रि प्रारंभ होते ही भक्तिन दाई देवी मंदिर में धार्मिक माहौल बना हुआ है और मंदिर परिसर में माता की जय करो और भजन कीर्तन सेवा में वातावरण गूंज रहा है माता के दरबार में दर्शन को अत्यंत सुख माना जाता है जिसके चलते सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि में 80 ज्योत कलश की स्थापित की गई है जिसमें सुख शांति समृद्धि का वास होता है मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्था किया गया है जिसमें भजन कीर्तन भक्तजनों द्वारा किया जा रहा है जोत जवारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंडित विश्वकांत तिवारी दीपक तिवारी पंडा शिवकुमार पटेल सेवक बुधराम धुर्वे, शिव चरण साहू सहित माता की सेवा में जुटे हुए हैं।

### दीदियों' ने संभाली स्टीयरिंग, अब गांव गांव में दौड़ेगी 'दीदियों की गाड़ी'


# विजय शर्मा ने 10 समूहों को सौंपी मैजिक वाहन की चाबी




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव और प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जहां अब तक पुरुष प्रधान माने जाने वाले परिवहन व्यवसाय में महिलाओं की भागीदारी का नया अध्याय शुरू हुआ है। स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब स्टीयरिंग संभालकर न केवल अपनी आजीविका का सशक्त साधन तैयार करने जा रही हैं, बल्कि ग्रामीण परिवहन व्यवस्था को भी नई गति देने जा रही हैं। सरस मेले के शुभारंभ के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले की 10 महिला समूहों को आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत सीएलएफ मैजिक वाहन वितरित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इन वाहनों का वितरण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्येक वाहन की लागत लगभग 7.50 लाख रुपये है, जिसमें से 5 लाख रुपये केंद्र सरकार द्वारा अनुदान के रूप में दिए गए हैं। शेष राशि का प्रबंधन संबंधित समूहों द्वारा किया गया है, जिससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी। उन्होंने कहा कि अब स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने क्षेत्रों में यात्रियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराकर आय का स्रोत विकसित करेंगी। विशेष रूप से दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में यह पहल आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, जहां अब तक परिवहन की कमी एक बड़ी समस्या रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह पहल केवल शुरुआत है। यदि महिलाएं इस अवसर का पूरी लगन और समर्पण से उपयोग करें, तो वे लखपति दीदी बनने के लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकती हैं। यह योजना महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ-साथ उन्हें आत्मसम्मान और समाज में नई पहचान दिलाने का माध्यम बनेगी। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन संचालन के लिए महिलाओं को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से ट्रेनिंग दी गई है। यह वाहन 10 अलग अलग संकुल के महिला समूहों को दिया गया है। इन वाहनों का संचालन 10 विभिन्न ग्रामीण रूट पर किया जाएगा। इस पहल के तहत महिला समूह की सदस्य अब टाटा मैजिक वाहन संचालित कर परिवहन व्यवसाय से जुड़ेगी। यह कदम महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर उनकी भूमिका को भी सशक्त करेगा। योजना के तहत ये महिलाएं जिले के वनांचल एवं मैदानी क्षेत्रों में, जहां आवागमन के साधन सीमित हैं, वहां यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य करेंगी। इससे न केवल दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में परिवहन सुविधा सुलभ होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया की ग्राम धनेली में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजित बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है जिसमें कथा व्यास पंडित धनंजय दुबे महाराज भागवताचार्य रापा कुंडा के द्वारा बड़ी सुंदर स्वभाव से कथा का वर्णन कर रहा है जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती जमतन्नी मंगलुराम साहू ग्रामाचार्य पंडित प्रमोद कुमार शर्मा पारायणकर्ता पंडित अमर तिवारी कवर्धा यह कार्यक्रम का आयोजन 20 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजन हो रहा है जिसमें पंडित धनंजय दुबे द्वारा के द्वारा बताया गया कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की घनघोर अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। यह तिथि उसी शुभ घड़ी की याद दिलाती है और सारे देश में बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है।' द्वापर युग में भोजवंशी राजा उग्रसेन मथुरा में राज्य करता था। उसके आततायी पुत्र कंस ने उसे गद्दी से उतार दिया और स्वयं मथुरा का राजा बन बैठा। कंस की एक बहन देवकी थी, जिसका विवाह वासुदेव नामक वासुदेव सरदार से हुआ था। एक समय कंस अपनी बहन देवकी को उसकी ससुराल पहुंचाने जा रहा था। रास्ते में आकाशवाणी हुई हे कंस, जिस देवकी को तू बड़े प्रेम से ले जा रहा है, उसी में तेरा काल बसता है। इसी के गर्भ से उत्पन्न आठवां बालक तेरा वध करेगा।' यह सुनकर कंस वसुदेव को मारने के लिए उद्यत हुआ। तब देवकी ने उससे विनयपूर्वक कहा मेरे गर्भ से जो संतान होगी, उसे मैं तुम्हारे सामने ला दूंगी। बहनोई को मारने से क्या लाभ है? कंस ने देवकी की बात मान ली और मथुरा वापस चला आया। उसने वासुदेव और देवकी को कारागृह में डाल दिया। वसुदेव-देवकी के एक-एक करके सात बच्चे हुए और सातों को जन्म लेते ही कंस ने मार डाला। अब आठवां बच्चा होने वाला था। कारागार में उन पर कड़े पहरे बैठा दिए गए। उसी समय नंद की पत्नी यशोदा को भी बच्चा होने वाला था। उन्होंने वासुदेव-देवकी के दुखी जीवन को देख आठवें बच्चे की रक्षा का उपाय रचा। जिस समय वासुदेव-देवकी को पुत्र पैदा हुआ, उसी समय संयोग से यशोदा के गर्भ से एक कन्या का जन्म हुआ, जो और कुछ नहीं सिर्फ 'माया' थी। जिस कोठरी में देवकी-वसुदेव कैद थे, उसमें अचानक प्रकाश हुआ और उनके सामने शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण किए चतुर्भुज भगवान प्रकट हुए। दोनों भगवान के चरणों में गिर पड़े। तब भगवान ने उनसे कहा अब मैं पुनः नवजात शिशु का रूप धारण कर लेता हूं। तुम मुझे इसी समय अपने मित्र नंदजी के घर वृंदावन में भेज आओ और उनके यहां जो कन्या जन्मी है, उसे लाकर कंस के हवाले कर दो। इस समय वातावरण अनुकूल नहीं है। फिर भी तुम चिंता न करो।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पीजी कॉलेज मैदान में 27 मार्च से 2 अप्रैल तक स्वदेशी मेला का आयोजन

**कवर्धा।** स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में 27 मार्च से 2 अप्रैल तक भव्य स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ देशभर के प्रतिभागियों की सहभागिता देखने को मिलेगी। मेले के आकर्षण में स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा वॉइस ऑफ कवर्धा जैसे विशेष आयोजन शामिल रहेंगे। इसके साथ ही शासन के विभिन्न विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आमजन को योजनाओं और सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजकों ने बताया कि यह मेला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि स्वदेशी और देशभक्ति की भावना को जागृत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जहां लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न राज्यों के उत्पाद, कला और परंपराओं से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने की महिला समूहों को 11.43 करोड़ की राशि अंतरित

- सरस मेला से महिला समूह के उद्यमिता को मिलेगी व्यापक पहचान : उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत सरदार पटेल मैदान कवर्धा में आयोजित चार दिवसीय संभागीय सरस मेला का शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला समूहों को विभिन्न योजनाओं के तहत 11.43 रूपए की सहायता राशि के चेक वितरण किए, जो महिला समूहों के आजीविका संवर्धन में सहायक सिद्ध होंगे। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, अध्यक्ष नपा चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओं अभिषेक अग्रवाल, कैलाश चन्द्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी स्टालों का निरीक्षण कर महिला समूह के सदस्यों से उनके व्यवसाय की जानकारी ली। स्टाल में दीदियों से चर्चा करते हुए व्यवसाय के लिए कच्चे माल उसके उत्पादन और विक्रय की जानकारी ली।

लखपति दीदियों से बात करते हुए कहा की ग्रामीण महिलाएं अपने परिवार का मजबूत आधार स्तंभ बनकर उभरी है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संभागीय सरस मेला के आयोजन से दुर्ग संभाग के सभी सात जिलो के महिला स्व सहायता की दीदीयां लाभान्वित होगी। समूह द्वारा बनाये गए दैनिक उपयोग के आकर्षक सामाग्री, जैविक खादय पदार्थ एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं को विक्रय के लिए शहर के हृदय स्थल में मंच मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन राज्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। इस आयोजन से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक लाभ होगा जिससे वे आत्मनिर्भर होने की दिशा मे आगे बढ़ेगी। श्री शर्मा ने कहा की हमारा प्रयास है कि ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिलाओं की पूरी भागीदारी हो और वे अपने लघू व्यवसाय से उद्यमी की पहचान हासिल कर सके। मेले में आए सभी स्व सहायता समूह की दीदियों को उपमुख्यमंत्री ने उनके व्यवसाय के लिए शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि इस आयोजन से क्षेत्र की जनता को लाभ होगा।

### प्रदेश की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर




उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि दीदी महिला स्व सहायता समूहों से जुड़कर विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। प्रदेश में 2 लाख 69 हजार से अधिक महिला स्व सहायता समूह संचालित हैं, जिनसे लगभग 30 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल स्वावलंबी बन रही हैं, बल्कि विभिन्न उत्पादों का निर्माण कर आर्थिक रूप से सशक्त भी हो रही हैं। राज्य सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि दीदी के गोठ कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने नवाचारी कार्यो को साझा करती हैं। यह कार्यक्रम हिंदी के साथ-साथ गोंडी और हल्बी भाषा में भी संचालित किया जा रहा है, जिससे बस्तर अंचल की महिलाएं भी इसे आसानी से समझ पा रही हैं। इससे प्रदेशभर में महिलाओं द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की जानकारी एक-दूसरे तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सम्मेलन एवं बैठकों के लिए सीएफएल स्तर पर 30-30 लाख रुपए की लागत से महतारी सदन का निर्माण कराया जा रहा है। इस दिशा में पूरे प्रदेश में 300 महतारी सदनों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

**आगजनी :** क्षेत्र के फायर ब्रिगेड व्यवस्था व प्रशासन पर उठ रहे सवाल

# शॉर्ट-सर्किट से लगी भीषण आग से जनता राइस मिल खाक, करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे-30 पर स्थित राम्हेपुर गांव में मंगलवार को जनता राइस मिल में भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग दोपहर लगभग 11 बजे लगी, जो देर तक बेकाबू बनी रही। आग की चपेट में आकर कस्टम मिलिंग के लिए रखे हजारों क्विंटल धान, तैयार चांवल और बड़ी मात्रा में बारदाना जलकर खाक हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर मौजूद कर्मचारियों को संभलने का अवसर तक नहीं मिला। देखते ही देखते आग पूरा मिल परिसर धू-धूकर जलने लगा, आग की लपटें दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन प्रारंभिक प्रयासों में पानी की कमी के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने ट्यूबवेल और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में अतिरिक्त पानी के साथ दमकल दल ने फिर से प्रयास शुरू किया, हालांकि तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। राइस मिल संचालक बिलाल गांधी से मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में एक करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि समय पर पर्याप्त संसाधनों के साथ राहत कार्य शुरू नहीं होने के कारण नुकसान बढ़ गया। आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि प्रशासन ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना ने एक बार फिर जिले में अग्निशमन व्यवस्था की कमी को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्याप्त फॉयर ब्रिगेड और संसाधनों के अभाव में ऐसी घटनाओं में नुकसान लगातार बढ़ रहा है।





### फायर ब्रिगेड व्यवस्था की कमियां हुई उजागर

गर्मी के मौसम आते ही जिले में आग जनी की घटनाएं बढ़ जाती है, लेकिन जिस अग्निशमन विभाग को इस पर काबू पाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। वह खुद संसाधनों की कमी से जूझ रही है। संसाधनों के चलते कई बार समय से अग्निशमन विभाग की गाड़ी समय से मौके पर नहीं पहुंच पाती है। जिस कारण से काफी नुकसान उठानी पड़ती है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल उठता है कि विभाग इस दिशा में कितना सजग है। आलम यह है कि संसाधनों की कमी के कारण घटना की सूचना पर बचाव का काम शुरू करना अग्निशमन विभाग के लिए मुसीबत बन जाती है।

# यूट्यूब से सीखी तकनीक एटीएम काटने की साजिश नाकाम, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में एटीएम काटकर चोरी की बड़ी साजिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक आरोपी को एटीएम के पास संदिग्ध अवस्था में पकड़कर बड़ी वारदात होने से पहले ही विफल कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी नंदलाल साहू आयु 30 वर्ष निवासी छोटूपारा भारी कर्ज से दबा हुआ था। उसने यूट्यूब वीडियो देखकर एटीएम मशीन काटने की तकनीक सीखी और एक ही बार में कर्ज खत्म करने के उद्देश्य से सुनियोजित साजिश रची। आरोपी पूर्व में सहसपुर लोहारा बिडोरा चौक शांतिनगर लोहारा एवं छुईखदान क्षेत्र में कई एटीएम मशीनों को गैस कटर से काटने का प्रयास कर चुका था, लेकिन हर बार असफल रहा। घटना के संबंध में 4 फरवरी 2026 को पंजाब नेशनल बैंक, लोहारा शाखा के प्रबंधक द्वारा एटीएम काटने के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिलेभर में एटीएम की निगरानी बढ़ाई गई और रात्रि गश्त के दौरान हर घंटे एटीएम चेकिंग के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में गत दिनों 24 मार्च की रात पुलिस टीम एटीएम निरीक्षण के दौरान मौके पर पहुंची, जहां आरोपी संदिग्ध हालत में मिला। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। वही आरोपी से पूछताछ करने पर अपराध की योजना और पूर्व प्रयासों की जानकारी दी। पुलिस ने उससे घटनास्थलों पर सीन रीक्रिएट कराकर वारदात के तरीके का खुलासा भी कराया। आरोपी की निशानदेही पर मोटर सायकिल, गैस कटर मशीन, गैस एवं ऑक्सीजन सिलेंडर, लोहे का सब्बल, नकाब, रेनकोट सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध विधिसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

**खबर संक्षेप**

## शांतिपूर्ण ढंग से हुई 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा

**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक स्कूल बरबसपुर में कक्षा पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षाएं आत्मविश्वास तथा शांतिपूर्ण माहौल में संचालित हुआ। जिसमें गांव के छात्र-छात्राएं परीक्षा देने के लिए शामिल होने पहुंचे, वहीं परीक्षा केंद्र पर कड़ी निगरानी के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। केंद्र अध्यक्ष श्रीमती मंजू वर्मा ने परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी संभाली उनके साथ विपिन शर्मा, रुद्राणी राजपूत और संध्या बंजारा, प्राथमिक स्कूल में केंद्र अध्यक्ष श्रीमती डिम्पल श्रीवास्तव, शिक्षक मुकेश ठाकुर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें। सभी ने परीक्षार्थियों को संयम और एकाग्रत बनाए रखने की प्रेरणा दी परीक्षा केंद्र पर नकल मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी गई। परीक्षार्थी भी समर्पण और आत्मविश्वास शांति पूर्ण के साथ अपने उत्तर लिखते नजर आए, बच्चों को मिली सुविधा विद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थी की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा, केंद्र पर पेयजल और स्वच्छता की पर्याप्त व्यवस्था की गई। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस प्रयास की सराहना की केंद्र अध्यक्ष ने कहा कि सभी शिक्षकों कर्मचारियों के सहयोग से परीक्षा का संचालन सुनियोजित तरीका से किया जा रहा है, परीक्षाएं समाप्त होने तक इसी आत्मविश्वास और शांतिपूर्ण माहौल को बनाए रखने का प्रयास किया जाना चाहिए ताकि शांति व्यवस्था से परीक्षा हो सके, किसी प्रकार का बच्चों को दिक्कत ना हो।

### जैमिनी ग्रुप की पहल से 60 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हुए एआई से प्रशिक्षित अधिकारियों ने की पार्ट 2 की घोषणा




**हरिभूमि कवर्धा।** जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में एक नई मिसाल कायम की है। पब्लिक हेल्थ कंसल्टिंग कंपनी जैमिनी ग्रुप के सहयोग से आयोजित एआईफॉर सीएचओ इस संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 60 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सीएचओ को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रशिक्षण दिया गया। यह छत्तीसगढ़ में अपनी तरह की पहली पहल है। जैमिनी ग्रुप के संस्थापक दिव्यांश जायसवाल, स्टेट प्रोग्राम लीड डॉ सुजाता पाण्डेय एवं डेटा साइंटिस्ट विशेष जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिखाया कि कैसे मोबाइल फोन से मात्र 30 सेकेण्ड में रिपोर्ट एनक्यूएएस एक्शन प्लान एवं आधिकारिक पत्र तैयार किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण में जैमिनी ग्रुप द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए विशेष रूप से निर्मित सावी वन एवं एनक्यूएएस एआई प्लेटफॉर्म का भी प्रदर्शन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के उत्साह और एआई की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने पार्ट 2 के आयोजित करने की घोषणा की है। जैमिनी ग्रुप का उद्देश्य प्रोजेक्ट प्रविधि के तहत प्रदेश के हर आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन्द्र में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना है और कबीरधाम ने इसकी शुरुआत कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तूरे ने कहा कि इस नई तकनीक से कार्य करने में आसानी होगी, खासकर क्वालिटी के सर्टिफिकेशन की तैयारी करने में। सभी इस नई तकनीक से पढ़ाई कर सकते है और आसानी से कम समय में लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# मां भवानी मंदिर मे 128 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर





जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत हरिनछपरा में मां भवानी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां भवानी मंदिर में ग्रामीण भक्तजनों द्वारा 128 मनोकामना जोत ज्वांरा ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए है। मां भवानी मंदिर पुजारी ने बताया कि जोत ज्वांरा-ज्योति कलश की दर्शन के लिए सुबह-शाम श्रद्धालु गण पहुंच रहे हैं और पूजा-पाठ कर मनोकामना की आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में चैत नवरात्रि में देवी-मंदिरों में आस्था की ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया।

वहीं श्रद्धालुओं का विश्वास है की मां भवानी की पूजा-अर्चना करने से शरीर में कोई प्रकार की रोग और संकट बाधाओं से बचाती है और माता रानी भक्तों की मनोकामना सिद्ध भी पूरी करती रहती है। वहीं पं बाबूराम साहू, प्रेमकुमार गुप्ता, टेकराम यादव, सालिक विश्वकर्मा, जलेश बघेल, राजू चतुर्वेदी, टिकेश्वर सिन्हा द्वारा मां भवानी की सेवा कार्य में सहयोग दे रहे है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अहम घोषणा कर लोधी समाज के योगदान की सराहना की

# सेमरिया में रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गत दिनों ग्राम सेमरिया में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर प्रदेश स्तरीय भव्य एवं ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता लोधी समाज के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थें तथा बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसे संतोष कौशिक ने प्रस्तुत किया।

मुख्य वक्ता के रूप में घनश्याम वर्मा ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के त्याग, बलिदान और वीरता को रेखांकित करते हुए समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के विकास से जुड़ी विभिन्न मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। प्रमुख मांगों में जिले में 50 डिसमिल भूमि एवं 50 लाख रुपए की स्वीकृति, नया रायपुर में एक एकड़ भूमि एक रुपए की दर पर उपलब्ध कराने, रायपुर जिला अस्पताल का नामकरण रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर करने तथा वीरांगना अवंती बाई लोधी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग शामिल रही। इसके अलावा ग्राम गोछिया में नए महाविद्यालय का नामकरण, सेमरिया में उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना तथा ग्राम मुसरा डोंगरगढ़-राजनांदगांव में प्रस्तावित महाविद्यालय का नामकरण भी प्रमुख मांगों में शामिल रहा।

कार्यक्रम में सेमरिया में यज्ञशाला स्ट्रक्चर निर्माण हेतु 20 लाख रुपए तथा रामाटोला स्थित वीरांगना अवंती बाई लोधी महाविद्यालय के पुनर्जीवन के लिए पद सृजन एवं वार्षिक अनुदान पुनः प्रारंभ करने की मांग भी उठाई गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में लोधी समाज के योगदान की सराहना करते हुए समाज के गौरवशाली इतिहास को स्मरण किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समाज को संगठित एवं अनुशासित बताते हुए नशामुक्ति का उदाहरण बताया। विधायक भावना बोहरा ने समाज की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। सभी अतिथियों ने एक स्वर में समाज की मांगों का समर्थन किया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

### मुख्यमंत्री मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया

मुख्यमंत्री ने समाज की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनका परीक्षण कर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने जिले में 50 डिसमिल भूमि एवं 50 लाख रुपए की स्वीकृति की घोषणा की। साथ ही ग्राम सेमरिया में मिनी स्टेडियम निर्माण एवं यज्ञशाला स्ट्रक्चर के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना। समारोह के दौरान रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया तथा जिले के अन्य छह स्थानों पर भी प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश लोधी ने किया वहीं जबकि आभार प्रदर्शन कृष्ण कुमार सिंगरौल ने किया।

## टीचर्स एसोसिएशन ने परीक्षा समय प्रातः 8 से 11 रखने किया मांग




**हरिभूमि कवर्धा।** वर्तमान मार्च महीने में गर्मी का प्रकोप क्रमशः बढ़ता जा रहा है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए बच्चों को गर्मी के दुष्प्रभाव से बचने के लिए दोपहर के समय घरों में रहने का सलाह दिया जाता है, लेकिन जिले में शिक्षा विभाग उल्टा ही कार्य करने जा रहा है। जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा नवमीं व 11 वीं में अध्ययन करने वाले लगभग तीस हजार विद्यार्थियों की परीक्षा दोपहर 1.30 से 4.30 बजे के बीच रख दिया है। भरी दोपहरी में परीक्षा देने के लिए मजबूर इन विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा 25 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 7 अप्रैल तक चलेगा। शिक्षकों के साथ ही विद्यार्थियों के हितों के लिए सतत कार्य करने वाले छग टीचर्स एसोसिएशन ने विद्यार्थियों पर पड़ने वाले गर्मी के दुष्प्रभाव को दृषिगत रखते हुए परीक्षा समय मे बदलाव कर प्रातः 8 से 11 बजे तक करने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी पत्र के अनुसार एक अप्रैल से प्रदेश के समस्त शाला हेतु समय सीमा प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक निर्धारित किया है, जो अभी प्रभावशील है। जब छग शासन ने भी गर्मी के दुष्प्रभाव के कारण अप्रैल में शाला संचालन समय प्रातः पाली में रखा है, तो फिर जिला शिक्षा विभाग बच्चों को तपती गर्मी में झोंकने के लिए उतारू क्यों है, टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस विषय में विगत 12 और 18 मार्च को पत्र लिखकर दोपहर के बजाय प्रातः पाली में परीक्षा लेने की मांग रखा है, लेकिन इस पर आज पर्यंत तक निर्णय नहीं लिया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा विभाग से हठधर्मिता छोड़ छात्रहित में परीक्षा समय को बदलकर प्रातः 8.00 बजे करने की मांग किया है।